RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज


नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 174 | नागौर, 25 मई, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## आंध्र प्रदेश में विरोध की आग

### अमलापुरम शहर में भीड़ ने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर और विधायक का घर फूंका, 20 पुलिसकर्मी घायल





**अमरावती.**

आंध्रप्रदेश के कोनासीमा जिले का नाम बदलने के विरोध में मंगलवार को हिंसा भड़क गई। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और वाहनों को आग लगी दी। अमालापुरम शहर में उग्र भीड़ ने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर पी विश्वरूपा और मुम्मिडीवरम के विधायक पी.सतीश के घर में आग लगा दी। पुलिस ने मंत्री और उनके परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है। गुस्साई भीड़ ने पुलिस के एक वाहन और एक बस में भी आग लगा दी गई है। करीब 20 पुलिसकर्मी पथराव में घायल हुए हैं।

#### क्या है मामला

दरअसल, आंध्र प्रदेश सरकार ने 4 अप्रैल को पूर्वी गोदावरी जिले से अलग कोनासीमा जिले का गठन किया था। पिछले दिनों इस जिले का नाम बदलकर बीआर अंबेडकर के नाम पर रख दिया। इसका विरोध शुरू हो गया। कोनासीमा साधना समिति ने नाम बदलने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए जिले का नाम कोनासीमा ही रहने देने की मांग की थी। समिति ने मंगलवार को डीएम हिमांशु शुक्ला को जिले का नाम बदलने का विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान समिति के सैकड़ों लोगों ने अमलापुरम शहर के मुम्मिडीवरम गेट, घंटाघर और अन्य स्थानों पर प्रदर्शन भी किया।

प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कुछ युवक भाग निकले, जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला कर दिया। भीड़ ने पुलिस पर जमकर पत्थरबाजी की। जवाब में पुलिस ने भी लाठी चार्ज किया। जिसके बाद हिंसा भड़क उठी।

#### गृहमंत्री बोलीं-दोषियों को बख्शेंगे नहीं

जिले में भड़की हिंसा के मामले में राज्य की गृहमंत्री तानेती वनिता ने राजनीतिक पार्टियों पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियों और असामाजिक तत्वों ने मिलकर हिंसा को भड़काया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि घटना में करीब 20 पुलिस कर्मियों को चोट आई हैं। गृहमंत्री ने कहा कि हम इस मामले की जांच करेंगे और जो भी दोषी हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे।

## पंजाब के बर्खास्त किए गए स्वास्थ्य मंत्री सिंगला गिरफ्तार

चंडीगढ़

पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को उनके पद से बर्खास्त करने के बाद अब गिरफ्तार कर लिया गया है. एंटी करप्शन ब्रांच ने भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद आज विजय सिंगला की गिरफ्तारी की है. बता दें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने थोड़ी देर पहले ही स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को बर्खास्त किया था और पुलिस को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश भी दिया गया था. जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी कर ली गई है.

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया है. मान ने कहा कि उन्होंने ये फैसला, सिंगला द्वारा निविदाओं में कथित रूप से एक प्रतिशत कमीशन की मांग किए जाने की जानकारी मिलने के बाद किया. मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, मैं मंत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा हूं. मैं उन्हें मंत्रिमंडल से हटा रहा हूं. मान ने दावा किया कि सिंगला ने गलत काम करने की बात स्वीकार की है.

वहीं आप पार्टी ने कहा कि बड़ा फैसला आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार विरोधी मॉडल के अनुरूप लिया गया है. आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि उनकी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास भ्रष्टाचार के आधार पर अपनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ईमानदारी, साहस और ईमानदारी है. हमने इसे दिल्ली में देखा, अब हम इसे पंजाब में देख रहे हैं. गौरतलब है कि पंजाब विधानसभा चुनाव में आप पार्टी को भारी जीत मिली थी. जिसके बाद भगवंत मान को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया. आप पार्टी और भगवंत मान ने चुनाव प्रचार के दौरान राज्य से पूरी तरह से भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा किया था. वहीं अब भ्रष्टाचार के आरोपी मंत्री की गिरफ्तारी कर ली गई है.



#### सीएम के स्टिंग में फंसे सिंगला, 10 दिन में एक्शन

पंजाब पुलिस के विजिलेंस विंग ने मंत्री सिंगला के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके मुताबिक मंत्री और उनके करीबियों ने टेंडर में 1% कमीशन की मांग की थी। अफसर ने इसकी शिकायत सीएम भगवंत मान को की। 14 मई को सीएम मान के पास इसके बारे में जानकारी पहुंची। इसके बाद मान ने अफसर को भरोसे में लिया। कमीशन मांगने की रिकॉर्डिंग करवाई गई। जिसमें मंत्री और उनके करीबियों की कमीशन मांगने की रिकॉर्डिंग हो गई। जिसके बाद मंत्री को बुलाकर मान ने उनके सामने यह सबूत रख दिए और मंत्री ने गलती कबूल कर ली।

#### शुक्राना के नाम पर मांगा था कमीशन

मंत्री विजय सिंगला ने टेंडर के बदले शुक्राना के नाम पर कमीशन मांगा था। बठिंडा के ठेकेदार से यह शुक्राना मांगा गया था। जिसमें मंत्री सिंगला का करीबी रिश्तेदार भी शामिल है। पंजाब पुलिस के विजिलेंस ब्यूरो ने अब इस मामले में सिंगला के साथ कमीशनखोरी में शामिल रिश्तेदारों और करीबियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। विजिलेंस सिंगला के सवा 2 महीने के कार्यकाल में अब सारे प्रोजेक्टों की लिस्ट तैयार कर रही है। कहीं किसी में कोई कमीशन की बात तो नहीं है।

### गैस टंकी काटते समय लगी आग, बच्ची की मौत

जयपुर।

जयपुर के हसनपुरा में कार की गैस टंकी काटते समय सोमवार देर शाम आग लग गई। ग्लाइडर से निकली चिंगारी से भभके सिलेण्डर से आग 20 फीट दूर स्थित मकान तक पहुंच गई। आग की लपटों की चपेट में आने से बाहर बैठी बुजुर्ग महिला, उसके पौते-पौती सहित सिलेंडर काटने वाला तक झुलस गया। हादसे में झुलसे 6 लोगों को स्स्ब्र हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गंभीर हालत में भर्ती हुए दो में से एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि हसनपुरा निवासी फरीद भाई की राजीव नगर में कबाड़ की दुकान है। शाम करीब 6:30 बजे फरीद का बेटा जुबीन कार की गैंस टंकी को काट रहा था। टंकी में गैस भरी हुई थी। ग्लाइडर से टंकी काटते से निकली चिंगारी से सिलेंडर धधक गया। सिलेण्डर में लगी आग की लपटे सामने रहने वाले अब्दुल हमीद के मकान तक पहुंच गई। हादसे के समय हमीद की पत्नी महरून निशा पौते-पोती के साथ घर के बाहर थी। आग से महरून निशा (60) , उसके पौते-पोती अबु बकर (3), फैजान (5), असरा (10), खुशी (6), बुसरा (6), बिन्नी (3) और कबाड़ी फरीद का बेटा जुबीन (20) झुलस गया।


## ज्ञानवापी मामले में अगली सुनवाई 26 मई को

**वाराणसी।**

वाराणसी के मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी प्रकरण पर अगली सुनवाई 26 मई को होगी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने यह आदेश दिया। कोर्ट ने सर्वे पर दोनों पक्षों को एक हफ्ते में आपत्ति देने के लिए कहा है। अगली सुनवाई अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के रूल 7 ऑर्डर 11 के तहत प्रार्थना पत्र पर होगी। यानी मुकदमे की पोषणीयता पर सुनवाई होगी। बताते चलें कि मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा था कि यह मामला सुने जाने योग्य ही नहीं है। मुस्लिम पक्ष का कहना था कि उपासना स्थल अधिनियम 1991 पर सबसे पहले सुनवाई हो, उसी पर 26 मई को सुनवाई शुरु होगी। तब मुकदमे की रूपरेखा तय होगी। साथ ही कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वे रिपोर्ट की सीडी-फोटो आदि दोनों पक्ष को दिए जाने की बात कही है। मामले में वादी पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा कि जो हमारी मांगें थीं वो पूरी हुई हैं। कोर्ट रूम के बाहर हर-हर महादेव के नारे लगे। हिंदू पक्ष के लोगों ने कहा कि यह जीत की तरह पहला कदम है। वादी पक्ष की महिलाएं अपने वकीलों के साथ तय समय पर कोर्ट पहुंच गई थीं। कोर्ट रूम में कुल 36 लोगों को जाने की इजाजत दी गई है। वादिनी महिलाओं में से सीता साहू ने कहा कि अनादि काल से सत्य की ही जीत होती चली आई है। हमारी आस्था और हमारे सच को भी जीत मिलेगी। इसका हमें पूरा भरोसा है। सोमवार को हुई सुनवाई के लिए 19 वकीलों के साथ कुल 23 लोगों को कोर्ट रूम में जाने की इजाजत दी गई थी।

#### सुबह से ही बढ़ा दी गई थी कोर्ट की सुरक्षा

ज्ञानवापी प्रकरण की सुनवाई को देखते हुए मंगलवार सुबह से ही वाराणसी के दीवानी कचहरी परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस कमिश्नर ए. सतीश गणेश ने कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कचहरी परिसर में वादकारियों, अधिवक्ताओं और उनके सहायकों, न्यायिक सेवा से जुड़े कर्मियों-अफसरों और दुकानों के संचालकों के अलावा अन्य किसी के अनावश्यक प्रवेश पर सख्ती के साथ रोक लगाई गई है।



मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी प्रकरण की वादी महिलाओं के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने कहा कि मुस्लिम पक्ष ने कल अपनी दलीलें पेश की थीं। उन्होंने कहा कि मामला पूजा स्थल अधिनियम के मापदंडों को पूरा नहीं करता है। वह चाहते थे कि मामला खारिज हो जाए, लेकिन हमने भी कोर्ट के सामने अपनी दलीलें पेश की थीं। मामले को यूं ही खारिज नहीं किया जा सकता, यह चलता रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 23 मई यानी सोमवार से मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी प्रकरण की सुनवाई जिला जज की अदालत में शुरू हुई है। 23 मई को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता अभय नाथ यादव ने कोर्ट में कहा कि पहले यह तय होना चाहिए कि यह मुकदमा सुनवाई योग्य है या नहीं है। उन्होंने कहा, अदालत में यह मुकदमा दाखिल होने के बाद ही हमारी ओर से प्रार्थना पत्र देकर कहा गया था कि यह सुनने योग्य नहीं है। हमारे प्रार्थना पत्र पर सुनवाई नहीं हुई और सर्वे का आदेश दे दिया गया। ज्ञानवापी प्रकरण की सुनवाई करना उपासना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 का उल्लंघन है।

## क्वाड समिट : हम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बढ़ा रहे अपना द्विपक्षीय सहयोग : मोदी



**टोक्यो।**

जापान में क्वाड समिट में यूएस, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने कोरोना महामारी के दौरान भारत के काम और वैक्सीन को सराहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कोरोना महामारी से निपटने को लेकर पीएम मोदी के काम की तारीफ की। बाइडेन ने महामारी से निपटने में चीन और भारत की तुलना करते हुए चीन को फेल करार दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी आबादी के बावजूद भारत ने कोरोना पर लोकतांत्रिक तरीके से काबू पाया है। जापानी पीएम फुमियो किशिदा ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि क्वाड वैक्सीन इनीशिएटिव के तहत भारत में बनी वैक्सीन को हाल ही में थाईलैंड और कंबोडिया भेजा गया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा भारत की वैक्सीन सप्लाई से कई देशों को फायदा हुआ है। क्वाड लीडर्स - पीएम नरेंद्र मोदी, जापान के पीएम फुमियो किशिदा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने आज क्वाड समिट के बाद एक संयुक्त बयान भी जारी किया। इसमें म्यांमार में बिगड़ते हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए वहां तुरंत लोकतंत्र स्थापित करने की बात कही गई है। साथ ही एएसईएएन के फाइव पॉइंट समझौते को लागू करने की बात कही गई है। चारों देश इस बात पर सहमत हुए हैं कि अगले साल होने वाला क्वाड समिट ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा।

### राज्यसभा चुनाव में दो उम्मीदवार उतारेगी बीजेपी

## हमारे पास 30 वोट सरप्लस, कांग्रेसी विधायक हमारी तरफ आएंगे तो स्वागत करेंगे : राठौड़

**जयपुर।**

राज्यसभा चुनाव में बीजेपी दूसरा उम्मीदवार भी उतारने की रणनीति पर काम कर रही है। विधानसभा में बीजेपी के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा पार्टी की प्रदेश कोर कमेटी ने सेकेंड कैंडिडेट उतारने पर प्रारम्भिक चर्चा कर ली है। अगर विद्रोह कर कांग्रेस के खेमे से विधायक हमारी तरफ आते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। दूसरा उम्मीदवार उतारते ही कांग्रेस और बीजेपी में 1 सीट पर बेहद रोचक मुकाबला हो जाएगा। क्योंकि बीजेपी के पास जीत का जरूरी गणित नहीं है। लेकिन सियासी मैसेज देने के लिए वह कांग्रेस को वॉकओवर नहीं देना चाहती। कांग्रेस को चुनौती देने के लिए ही दूसरा उम्मीदवार उतारने की तैयारी की जा रही है। राज्यसभा चुनाव के वोटिंग और प्रत्याशी की जीत तय करने के फॉर्म्युले (एकल संक्रमणीय मत प्रणाली) से कांग्रेस की 2 और बीजेपी की 1 सीट पर जीत पक्की है। लेकिन चौथी सीट के लिए दोनों पार्टियों में मुकाबला हुआ। तो सियासी जोड़-तोड़ और बाड़ाबंदी देखने को मिलेगी। आज से राज्यसभा के लिए नॉमिनेशन पीरियड शुरु हो गया है। जो 31 मई तक चलेगा। 10 जून को राजस्थान विधानसभा में



राज्यसभा की 4 सीटों के लिए चुनाव होना है।

कांग्रेस भी 2 के बाद अपना तीसरा प्रत्याशी खुदके दम पर नहीं जिता सकती है। इसके लिए निर्दलीय और दूसरी पार्टियों के विधायकों के वोट ही जीत तय कर सकते हैं। बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियां ऐसे विधायकों को अपने-अपने पाले में रखने की कवायदों में जुट गई हैं। बीजेपी नेता दूसरे प्रत्याशी को जिताने के लिए निर्दलीय और दूसरी पार्टियों के विधायकों की मदद लेने के लिए रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसके लिए ऐसे विधायकों पर नजर है जो कांग्रेस, सरकार, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से नाराज चल रहे हैं।

### कुतुब मीनार पर फैसला सुरक्षित

## सुनवाई के दौरान जज बोले- 800 सालों के बिना पूजा के देवता रहे तो आगे भी रहने दें

**नई दिल्ली।**



कुतुब मीनार में पूजा के अधिकार की याचिका पर दिल्ली के साकेत कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। जस्टिस निखिल चोपड़ा की बेंच ने हिंदू पक्ष की पूजा के अधिकार वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में फैसला 9 जून को आए। कोर्ट ने दोनों पक्षों को एक हफ्ते के अंदर ब्रीफ रिपोर्ट जमा करने कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जैन से पूछा कि क्या अपीलकर्ता को किसी कानूनी अधिकार से वंचित किया गया है? साथ ही यह भी कहा कि अगर वहां देवता पिछले 800 साल से बिना पूजा के मौजूद हैं तो उन्हें ऐसे ही रहने दीजिए।

#### एएसआई की दलील कुतुब मीनार पूजा का स्थान नहीं

हालांकि सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने लगातार कुतुब मीनार में पूजा के अधिकार वाली याचिका का विरोध किया। साकेत कोर्ट में सोमवार को दाखिल किए हलफनामे में भी कहा था कि कुतुब मीनार पूजा का स्थान नहीं है और इसकी मौजूदा स्थिति को बदला नहीं जा सकता। दरअसल, हिंदू पक्ष की दलील थी कि 27 मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है, जिसके अवशेष वहां मौजूद हैं। इसलिए वहां मंदिरों को दोबारा बनाए जाए। वहीं मुस्लिम पक्ष का कहना है कि एएसआई ने कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद में नमाज बंद करवा दी है।

#### कुतुब मीनार केस सुनवाई की बड़ी बातें

हिंदू पक्ष की ओर से हरिशंकर जैन ने कहा कि परिसर में पूजा की अनुमति मिले और मूर्तियों के संरक्षण के लिए ट्रस्ट बनाई जाए। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 25 के तहत उन्हें पूजा के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा- अयोध्या फैसले में, यह माना गया है कि एक देवता जीवित रहता है, वह कभी नहीं खोता है। अगर ऐसा है, तो मेरा पूजा करने का अधिकार बच जाता है। जैन ने निचली अदालत के फैसले को गलत बताया और कहा देश में एएसआई के संरक्षण वाली कई धार्मिक इमारते हैं जहां पूजा होती है।

## हार्दिक पटेल का आरोप, हमेशा हिंदू धर्म की आस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती है कांग्रेस

नई दिल्ली

कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद हार्दिक पटेल लगातार पार्टी और उसके नेताओं पर हमलावर हैं। आज एक ट्वीट कर उन्होंने फिर से कांग्रेस के नेताओं पर निशना साधा है। हार्दिक पटेल ने दावा किया कि कांग्रेस हमेशा हिंदू धर्म की आस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि मैंने पहले भी कहा था की कांग्रेस पार्टी जनता की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का काम करती है, हमेशा हिंदू धर्म की आस्था को नुक़सान पहुँचाने का प्रयास करती हैं। आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री और गुजरात कांग्रेस के नेता ने



बयान दिया की राम मंदिर की ईंटों पर कुत्ते पेशाब करते हैं..! हार्दिक ने आगे लिखा कि मैं कांग्रेस और उसके नेताओं से पूछना चाहता हूँ की आपको भगवान श्री राम से क्या दुश्मनी हैं? हिंदुओ से क्यों इतनी नफरत? सदियों बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर भी बन रहा है फिर भी कांग्रेस के नेता भगवान श्री राम के ख़िलाफ़ अनाप-शनाप बयान देते रहते हैं।

### अपराधी कोई हो उसके खिलाफ कत्तई बर्दाश्त नहीं नीति के तहत ही कार्रवाई : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन के नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि अपराध किसी प्रकार का हो वह अक्षम्य है और खासकर महिला अपराध पर सरकार अपराधियों के खिलाफ कठोरतापूर्वक कार्रवाई कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव द्वारा राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध का मामला सदन में उठाये जाने के बाद कहा, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, यहां यह नहीं कहा जाता है कि लड़के हैं, गलती कर देते हैं।

## पाकिस्तानी एक्ट्रेस का अजमेर में 20 लाख का हार चोरी

अजमेर।

अजमेर दरगाह में जियारत के दौरान पाकिस्तान की मशहूर एक्ट्रेस नसरीन कुरैशी का 20 लाख रुपए का हार चोरी हो गया। मामले में महाराष्ट्र से आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। नसरीन हिंदुस्तान के सबसे बड़े और विवादास्पद मीट कारोबारी मोईन कुरैशी की पत्नी हैं। 9 मई 2022 को दिल्ली डिफेंस कॉलोनी निवासी नसरीन कुरैशी के प्रतिनिधि सैयद मोहम्मद नासिक उर्फ रौनक ने दरगाह थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि दरगाह के अंदर जियारत के दौरान उनके मेहमान के हैंडबैग में रखा 20 लाख का बेशकीमती हार चोरी हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने दरगाह में लगे सीसीटीवी को खंगाला, जिसमें कुछ संदिग्ध महिलाएं नजर आई। पुलिस ने उन महिलाओं का पीछा किया और होटल पहुंची।

## सम्पादकीय

# विवाद का पानी

दिल्ली पिछले कई दिनों से गंभीर जल संकट से जूझ रही है। आलम यह है कि पानी पहुंचाने वाले टैंकरों को कड़ी सुरक्षा में चलाया जा रहा है, ताकि पानी को लेकर हिंसा की नौबत न आ जाए। यह चिंताजनक इसलिए है कि अगर ऐसे ही हालात बने रहे तो यह जल संकट कभी भी जल संघर्ष में बदल सकता है। यह तो अक्सर देखने में आता ही रहा है कि पानी को लेकर लोग एक दूसरे की जान तक लेने में भी नहीं हिचकते। एक-एक बाल्टी पानी के लिए लोग रात-रात भर जाग रहे हैं। जहां पानी पहुंच रहा है वहां लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। जिनके पास पानी खरीदने को पैसे नहीं हैं, वे गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। जो खरीद सकते हैं, वे मुंहमांगा दाम दे रहे हैं।

ऐसा नहीं कि ये हाल कुछेक इलाकों का है। आधी से ज्यादा दिल्ली पानी के लिए इसी तरह तरस रही है। यह हर साल का रोना है। लेकिन विडंबना यह है कि जल संकट के स्थायी समाधान के लिए क्या हो, इसकी फिक्र किसी को नहीं दिखती। देश की राजधानी में ही अगर इतना गंभीर जल संकट खड़ा हो जाता है और वह भी हर साल, तो सरकारों पर सवाल उठना लाजिमी है। आखिर सरकारें कर क्या रही हैं? दिल्ली की अपनी सरकार है। केंद्र सरकार भी यहां है। देश की सर्वोच्च अदालत भी यहां बैठती है। सत्ता और शक्ति का केंद्र होने के बावजूद लाखों लोग अगर पानी के लिए तरसते हैं तो निश्चित ही इसे व्यवस्था की नाकामी का नतीजा माना जाना चाहिए।

मोटे तौर पर दिल्ली में पानी का संकट तब खड़ा होता है, जब यमुना में पानी कम हो जाता है। ताजा स्थिति यह है कि वजीराबाद बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर सामान्य से छह फीट नीचे चला गया है। यहां पानी हरियाणा से आता है। कहा जा रहा है कि अब हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने से मना कर दिया है। हरियाणा तर्क यह दे रहा है कि पंजाब उसे उसके हिस्से का पानी नहीं दे रहा। यानी जब पंजाब हरियाणा को पानी देगा, तब वह दिल्ली को देगा। अगर वाकई ऐसा है तो यह बेहद गंभीर बात है। इससे तो यही लग रहा है कि पानी को लेकर सरकारें राजनीति कर रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, जबकि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भाजपा की।

पानी को लेकर विवाद दूसरे राज्यों में भी होते रहते हैं। नदियों के पानी पर किसका और कितना हक हो, यह मुद्दा जटिल तो है ही, राज्यों की राजनीति ने इसे और पेचीदा बना डाला है। दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने को लेकर उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के साथ चर्चा करीब तीन साल से चल रही है। हरियाणा सरकार के साथ भी लंबे समय से बात चल रही है। पर अब तीनों राज्यों ने अपनी मजबूरी जता दी है। सभी इन राज्यों के अपने तकनीकी व अन्य कारण हैं। हो सकता है कि वे उचित भी हों, लेकिन जिस तरह का रवैया हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश दिखा रहे हैं, उसे शायद ही कोई जायज ठहराएगा।

हालांकि देखा यह भी जाना चाहिए कि इन राज्यों के पास अपने लिए कितना पानी है। दिल्ली की अपनी भौगोलिक स्थिति और अन्य मजबूरियां ऐसी हैं कि बिना दूसरे राज्यों से पानी मिले उसका गुजारा चल नहीं सकता। सारे राज्य एक ही देश के हैं, पड़ोसी हैं, सभी के नागरिक भी एक ही हैं। ऐसे में कोई राज्य किसी जरूरतमंद राज्य को पानी नहीं देकर संकट खड़ा करता है, तो यह गंभीर बात है।

# प्रशासनिक सेवा और महिलाएं

**स्वतंत्रता की इतनी लंबी यात्रा के बाद इस स्वाभाविक प्रश्न से परहेज नहीं किया जा सकता कि यदि भारत को महाशक्ति बनना है और साथ ही न्यू इंडिया व आत्मनिर्भर की अवधारणा को फलक पर लाना है, तो नई नौकरशाही और महिलाओं की बराबरी को हाशिये पर नहीं रख सकते। मार्च 2020 में संसद में एक बयान के दौरान सरकार ने स्पष्ट किया था कि वह ऐसा कार्यबल बनाने के प्रयास में है जो लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित और प्रदर्शित करता हो। मगर सच यह है कि इसे लेकर जमीनी हकीकत कुछ और है। यह भूमंडलीकरण का दौर है। इसमें लोक सेवा के परिदृश्य को भी नया रूप देना होगा। इसके लिए प्रशासनिक सेवा में लैंगिक असमानता को कमतर करना प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से ऐसी सेवाएं न केवल कार्यबल की दृष्टि से मजबूत होंगी, बल्कि संवेदनशीलता का भी परिचायक होंगी। विकास की क्षमता पैदा करना, विकास की धारा को जनता तक पहुंचाने और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने जैसे तमाम काम महिलाओं की भागीदारी बढ़ा कर काफी हद तक आसान बनाए जा सकते हैं। हित पोषण का सिद्धांत भी यही कहता है कि लोकतंत्र के भीतर सब कुछ जनता की ओर मोड़ देना चाहिए, यही सुशासन की उच्चतम भी होता है। इससे प्रशासनिक सेवाओं को लैंगिक समानता का मौका भी मिलेगा।**

**दिसंबर** 2021 तक देश के कुल छत्तीस राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों में केवल दो महिलाएं ही मुख्य सचिव थीं। देश के सबसे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कैबिनेट सचिव के पद पर आज तक एक भी महिला नहीं पहुंच पाई है। आंकड़े बताते हैं कि अधिकतर महिलाएं अपना कार्यकाल पूरा करके ही सेवानिवृत्ति लेती हैं, बावजूद इसके पुरुषों की तुलना में उनसे ऐच्छिक सेवानिवृत्ति की उम्मीद की जाती है। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के अंतर्गत लोक प्रशासन में लैंगिक समानता को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की गई थी। इसमें स्पष्ट किया गया कि लैंगिक समानता एक समावेशी और जवाबदेह लोक प्रशासन के मूल में है। रिपोर्ट में यह भी संकेत था कि नौकरशाही और लोक प्रशासन में महिलाओं का समान प्रतिनिधित्व बनाए रखने से सरकारी कामकाज में बड़ा सुधार होता है। इतना ही नहीं, यह सेवाओं को विभिन्न सार्वजनिक हितों के प्रति कहीं अधिक उत्तरदायी और जवाबदेह भी बनाता है। इससे गुणवत्ता में तो इजाफा होता ही है, लोक संगठनों के बीच आपसी भरोसा भी बढ़ता है। गौरतलब है कि देश आजादी के पचहत्तरवें वर्ष में है और इसे लेकर सरकार का अमृत महोत्सव का दौर चल रहा है।

पड़ताल बताती है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में साल 1951 में पहली बार महिलाओं को शामिल करने का फैसला किया गया था। इसी वर्ष इस सेवा के लिए केवल एक महिला अन्ना राजम का चयन आइएएस के लिए हुआ था। सात दशक का लंबा रास्ता तय करने के बाद साल 2020 में आइएएस में महिलाओं की कुल संख्या तेरह फीसद है। और गहराई में जाया जाए तो एक ताजा अध्ययन के मुताबिक 1951 से 2020 के बीच सिविल सेवाओं में प्रवेश करने वाले ग्यारह हजार पांच सौ उनहत्तर आइएएस अधिकारियों में महिलाओं की संख्या बामुश्किल एक हजार पांच सौ सत्ताईस रही। हालांकि यह आंकड़ा लैंगिक असमानता को व्यापकता तो देता है, मगर इस बात की राहत भी इसमें है कि इकाई से शुरू महिला प्रशासनिक अधिकारियों की संख्या आज डेढ़ हजार से अधिक है। लैंगिक असमानता केवल प्रशासनिक सेवा में संख्या मात्र से ही नहीं है, बल्कि महिलाओं की इस सेवा में आने को लेकर विचार भी अलग थे। अध्ययन से यह भी सामने आया कि आइएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली अन्ना राजम जब साक्षात्कार देने गई थीं तो उन्हें प्रशासनिक सेवा के बदले विदेश या केंद्रीय सेवाओं पर विचार करने के लिए कहा गया था। प्रशासनिक सेवा में उनके चयन के बाद नियुक्ति पत्र में यह शर्त थी कि शादी की स्थिति में उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। यह बंदिश बताती है कि महिलाओं के लिए प्रशासनिक सेवा में पैर जमाना पुरुष सत्ता के बीच से होकर गुजरने जैसा था। हालांकि बाद में इसमें संशोधन हुआ और पहली महिला आइएएस अन्ना राजम ने 1985 में विवाह किया। गौरतलब है कि उनके पति भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर आरएन मल्होत्रा थे। जाहिर है, भारतीय प्रशासनिक सेवा में महिलाओं की राह इतनी आसान तो नहीं थी। आइएएस बनने की राह दिन-प्रतिदिन कठिन होती जा रही है। हालांकि संसाधन तेजी से बढ़े हैं और इंटरनेट आदि के चलते इसके प्रति पहुंच आसान हुई है। मौजूदा समय में सिविल सेवा परीक्षा में



दस लाख से अधिक आवेदक होते हैं और महज कुछ सौ का ही चयन होता है, जिसमें आइएएस की संख्या तो महज डेढ़-दो सौ के बीच होती है। इसमें भी ज्यादा संख्या पुरुषों की ही रहती है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2017 की सिविल सेवा की परीक्षा में कुल आवेदकों में तीस फीसद महिलाएं थीं। तीन जनवरी 2022 तक भारत सरकार के बानवे सचिवों में से मात्र चौदह फीसद यानी तेरह ही महिलाएं देखी जा सकती हैं। इतना ही नहीं, दिसंबर 2021 तक देश के कुल छत्तीस राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों में केवल दो महिलाएं ही मुख्य सचिव थीं। देश के सबसे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कैबिनेट सचिव के पद पर आज तक एक भी महिला नहीं पहुंच पाई है। आंकड़े बताते हैं कि अधिकतर महिलाएं अपना कार्यकाल पूरा करके ही सेवानिवृत्ति लेती हैं, बावजूद इसके पुरुषों की तुलना में उनसे ऐच्छिक सेवानिवृत्ति की उम्मीद की जाती है। गौरतलब है कि महिलाएं किसी भी सेवा में हों, जिम्मेदारी दोहरी होती है। दफ्तरी कामकाज के अलावा घर को संभालना और ठीक से भूमिका निभाना और साथ ही संतुलन बनाए रखना इनकी जिम्मेदारी है, जो कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। वर्ष 2004 में पूर्व संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएसएसी) के अध्यक्ष पीसी होता की अध्यक्षता में सिविल सेवा समिति स्थापित की गई थी।

यह बात और है कि इस समिति में एक भी महिला सदस्य नहीं थी। छठे वेतन आयोग की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने 2008 में महिला कर्मचारियों के लिए प्रसूति अवकाश एक सौ अस्सी दिन और बच्चों की देखभाल के लिए मिलने वाले अवकाश को दो साल के लिए बढ़ा दिया था। देश को महाशक्ति बनाना हो या भारत को महान, इसके लिए नागरिकों का विकास प्राथमिकता में रखना होगा। इसके लिए विकास का प्रशासन चाहिए और विकास के प्रशासन को पाने के लिए अच्छे प्रशासनिक अधिकारी की जरूरत होती है। इसमें केवल पुरुष अधिकारियों से इसकी परिपूर्ति संभव नहीं है। लैंगिक असमानता को कम करते हुए महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना नैतिक रूप से भी उचित है और नई कार्य संस्कृति की दृष्टि से भी समुचित करार दी जाएगी। भारत भ्रष्टाचार के मामले में भी दुनिया के पायदानों में ऊपर ही है। महिलाओं की प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पहुंच लैंगिक संतुलन के साथ सामाजिक समता का भी द्योतक है और कहा जाए तो इससे कुछ हद तक भ्रष्टाचार पर भी लगाम संभव हो सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष

मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### वृषभ

दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### मिथुन

नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है।

### कर्क

पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। आय बनी रहेगी।

### सिंह

परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी। समय अनुकूल है।

### कन्या

कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा।

### तुला

किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी।

### वृश्चिक

चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### धनु

जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

### मकर

भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### कुंभ

कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

### मीन

दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

## व्यापार समाचार

### कंगाल श्रीलंका में भारत से सस्ता फ्यूल

# आइलैंड नेशन में पेट्रोल-डीजल की कीमत ऑल टाइम हाई पर पहुंची, लेकिन दाम फिर भी भारत से कम

कोलंबो।

संकटग्रस्त श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3% और डीजल में 38.4% का इजाफा किया है। सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 श्रीलंकाई रुपए (करीब 90.5 भारतीय रुपए) और डीजल 400 श्रीलंकाई रुपए (करीब 86 भारतीय रुपए) प्रति लीटर हो गई है। इसी के साथ यहां पेट्रोल और डीजल की कीमत रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले 19 अप्रैल को भी कीमतों में इजाफा किया था। इस इजाफे के बाद भी श्रीलंका में भारत की तुलना भारत में पेट्रोल की कीमत करीब 97 रुपए और डीजल 90 के करीब बिक रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में पेट्रोल पर 8 रुपए और



डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी घटाई है। इससे पेट्रोल 9.50 रुपए और डीजल 7 रुपए प्रति लीटर सस्ता हो गया है। इससे पहले पिछले साल 3 नवंबर को भी सरकार ने पेट्रोल पर 5 रुपए और डीजल पर 10 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम की थी।

**सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने की पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी :** ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 24.3% या 82 श्रीलंकाई रुपए और डीजल 38.4% या 111 श्रीलंकाई रुपए प्रति लीटर बढ़ाने का निर्णय स्टेट फ्यूल एनटिटी, सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने लिया। फ्यूल और एनर्जी मिनिस्टर कंचना विजेसेकारा ने कहा, कीमतों को रिवाइज करने के लिए कैबिनेट की और से अप्रूव किए गए फ्यूल प्राइसिंग फॉर्मूला के लागू किया गया है। प्राइस रिविजन में इंपोर्ट, अनलोडिंग, डिस्ट्रिब्यूशन कॉस्ट और टैक्स शामिल हैं।

**लंका इंडियन ऑयल ने भी बढ़ाई कीमतें :** भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की श्रीलंकन सब्सिडियरी कंपनी लंका आईओसी ने भी फ्यूल की रिटेल कीमतें बढ़ा दी हैं। आईओसी के सीईओ मनोज गुप्ता ने कहा, हमने सीपीसी से प्राइस मैच करने के लिए कीमतें बढ़ाई हैं। इस बीच, ऑटो-रिक्शा ऑपरेटर्स ने भी अपना टैरिफ बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों के बढ़ने से अब श्रीलंका में महंगाई 40% को पार कर नया रिकॉर्ड बना सकती है।

# बढ़ती महंगाई के बीच टमाटर भी महंगा, दो हफ्तों में दोगुने हुए भाव

नई दिल्ली।

बढ़ती महंगाई के बीच टमाटर भी लाल हो गया है। दो हफ्ते पहले तक 20-30 रुपए तक बिकने वाला टमाटर अभी औसतन 50 रुपए और दक्षिण के राज्यों में 100 रुपए प्रति किलो से ऊपर बिक रहा है। दिल्ली की आजादपुर मंडी में टमाटर कारोबारी संघ के अध्यक्ष अनिल मल्होत्रा ने बताया, राजस्थान व गुजरात से आने वाला टमाटर खत्म होने के कगार पर है।

**यूपी व हरियाणा में भीषण गर्मी से फसल खराब हुई :** यूपी व हरियाणा में भीषण गर्मी से फसल खराब हुई है। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के कोल्हापुर और आसपास प्री-मानसून की भारी बारिश के चलते सब्जियों की तुड़ाई बड़े पैमाने पर घटी है। टमाटर की जो थोड़ी-बहुत आवक हो रही है, उसका बड़ा हिस्सा दक्षिण के शहरों में जा रहा है, जहां भाव 100 रुपए प्रति किलो से ऊपर निकल गए हैं।



**गर्मी के बाद टमाटर की पैदावार 200 लाख टन से कम होने की आशंका :** कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक, फसल वर्ष 2021-22 में 203 लाख टन टमाटर पैदा हो सकता है, जो फसल वर्ष 2020-21 के 211 लाख टन से कम है। ये अनुमान भीषण गर्मी पड़ने से पहले का है। गर्मी के बाद अब टमाटर की पैदावार 200 लाख टन से कम होने की आशंका है।

**जुलाई से राहत की संभावना :** अनिल मल्होत्रा ने कहा, जुलाई के पहले हफ्ते से टमाटर के भाव गिरने शुरू हो सकते हैं।







# 21 बीघा के अवैध नमक खालडे पर चला बूल्डोजर

## जयपाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी मोतीसिंह चौधरी का बताया जा रहा अवैध खालडा

हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नावां प्रशासन द्वारा मंगलवार को झील क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई करते हुए 21 बीघा के अवैध खालडे पर बूल्डोजर चलाया गया। जानकारी के अनुसार यह 21 बीघा खालडा मोती सिंह चौधरी का बताया जा रहा है। पूर्व में भी प्रशासन ने चौधरी के आउ स्थित नमक उत्पादन क्षेत्र में अतिक्रमण स्थल को तोड़ फोड़ किया था, लेकिन प्रशासन भी नाममात्र की कार्यवाही करके मामले को रफा दफा कर दिया था परन्तु अब ये मामला हाइ लेवल तक चला गया है। इस कारण जाचं एजेसिया चौधरी के हर काले कारनामें का खुलासा कर रही है । चौधरी ने झील क्षेत्र में अनेक स्थानों पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। जिला कलेक्टर ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जयपाल हत्याकांड के षडयंत्रकारी मोती सिंह चौधरी की सभी नमक उत्पादकों की जांच करके अवैध अतिक्रमणों को



चिन्हित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को आउ क्षेत्र में चौधरी के खारड़े में लगे हुए कटांसर को तोड़ व लगभग 21 बीघा खारड़ा अवैध व दो मकानों एवं नमक उत्पादन क्षेत्रों को तोड़ा गया। इस दौरान मौके पर तहसीलदार सतीश राव सहित प्रशासन के अधिकारी एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने नहीं बताया मालिक का नाम

आउ क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने कार्यवाही की लेकिन कार्यवाही के दौरान तहसीलदार सतीश राव ने अतिक्रमणकारी का नाम नहीं बताया। राव ने केवल खसरा नम्बर 2 बटा एक में कार्यवाही करने की जानकारी दी है। ग्रामीणों ने बताया है कि खसरे में खारड़ा बना हुआ है और नमक के कटांसर बना हुआ है। वो नमक का खारड़ा मोती सिंह चौधरी का है लेकिन प्रशासन नाम लेने में हिचकिचाहट कर रहे है। भाजपा व आरएलपी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कई वर्षो से अवैध गतिविधियों में लिप्त है चौधरी। जाबदीनगर में स्थित नमक उत्पादन क्षेत्र एवं नावां के



मोहनपुरा एवं आउ क्षेत्र में नमक सैकड़ों बीघा नमक उत्पादन क्षेत्र बने हुए है। इन सभी नमक उत्पादन क्षेत्रों में खारा पानी विश्व प्रसिद्व सांभर झील से ही आता है। इसके अलावा बराइन अन्य क्षेत्रों से नहीं मिलता है। मोती सिंह चौधरी ने कम से कम 50 से अधिक अवैध बोरवेल खोद रखे है, लेकिन प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है।



# सांसद सुमेधानन्द सरस्वती का किया जोरदार स्वागत



कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे के झाड़ोद रोड स्थित बचपन प्ले सेवन स्टार स्कूल में अल्प समय के लिए रुकने पर सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश सचिव हनुमान चौधरी के नेतृत्व में सीकर सांसद सुमेधानंद महाराज का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। वहीं उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज क्षेत्र के युवाओं को खेलों मे और सामाजिक कार्यो मे अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिये। वही सांसद स्वामीजी ने गोसेवा के प्रति भी लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान इस दौरान सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश सचिव हनुमान चौधरी, सिंगरावट सरपंच मगेंज सिंह, अलखपुरा सरपंच श्रवणराम बिजारणियां, हेमाराम कूकणा, राजेंद्र रेवाड़, गजाधर बुगालिया, राकेश कस्वां, अशोक टेलर, श्रवण सैन, कमल अग्रवाल, तुलछाराम जाखड़, मयंक खंडेलवाल, सोनु शर्मा, राकेश सैन, रामस्वरूप भींचर, दिनेश चौधरी, राहुल बिज़ारणियां, जगु बलारा, रामनिवास चौधरी, हनुमान कस्वा, विरेंद्र सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# शारदा बाल निकेतन विद्यालय में पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के निकटवर्ती गांव पालड़ी जोधा के शारदा बाल निकेतन शिक्षण संस्थान विद्यालय में मंगलवार को पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए गए। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक संतोष गौड़ ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध नहीं होता। इसी को लेकर विद्यालय परिसर में लगे पेड़ों पर विद्यालय निदेशक रहमान देवड़ा के निर्देशन में विद्यालय स्टॉफ ने परिण्डे लगाए। इस दौरान उपस्थित सभी स्टॉफ सदस्यों ने परिंडों में नियमित रूप से दाना-पानी डालने की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रहमान देवड़ा, देवेंद्र पाराशर, इमरान खान, जितेंद्र शर्मा व संतोष गौड़ उपस्थित थे।

# जिलिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश



धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को देर रात से मौसम में बदलाव हुआ है, जिसके चलते लोगों को तेज उमस व गर्मी से राहत मिली है। वहीं मंगलवार को दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली। तेज गर्जना के साथ 15 मिनट तक जोरदार बारिश हुई। वहीं राणासर, रसाल, आनंदपुरा, चारणवास, शिव, परेवड़ी, राजपुरा, करकेडी में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

# नैत्र ज्योति पाकर खिले चेहरें

## शिविर में 43 रोगियों की ऑखो की पुनः जॉच कर चश्में वितरित किए

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में छीपा रहमानिया मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति नागौर एवं एम.आर.एस. कुचामनसिटी के सहयोग से राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी में मरहूम रमजान मौलानी, सद्दीक मौलानी और इब्राहिम मौलानी की याद में 28 मार्च से 1 मार्च 2022 तक आयोजित नि:शुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा जॉच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में हुए 43 रोगियों के ऑपरेशन के तकरीबन दो महीने पश्चात मंगलवार को राजकीय चिकित्सालय परिसर में स्थित नैत्र वार्ड में आयोजित नैत्र चिकित्सा फॉलोअप जॉच शिविर में सभी 43 मरीजों की डॉक्टर लुकमान खान व उनकी टीम के द्वारा उनकी ऑखों की पुन: जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श देकर जरूरी हिदायतें दी गई। सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील ने बताया कि भामाशाह के सहयोग से आयोजित नैत्र चिकित्सा जॉच एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर का उद्देश्य था कि आमजन व जरूरत मंद को नि:शुल्क इलाज साथ ही दवा व चश्मा उपलब्ध कराया जा सके। शिविर में भामाशाह हाजी अब्दुल हमीद मौलानी, समाज सेवक लियाक़त अली टॉक व लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष राम काबरा द्वारा उपस्थित नैत्र रोगियों को नजर के चश्मे का वितरण किया गया।

### भामाशाह मौलानी ने मरीजों की पूछी कुशलक्षेम

भामाशाह हाजी अब्दुल हमीद मौलानी ने मरीजों की कुशलक्षेम पूछकर उनकी नैत्र ज्योति की जानकारी लेकर सन्तोष व्यक्त कर व्यवस्था की सराहना की, साथ ही शिविर की सफलता पर उन्होंने आगे भी नियमित रूप से प्रतिमाह ऐसे शिविरों का आयोजन किए जाने की बात कहीं। डॉक्टर की टीम में वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर जाकिर हुसैन, वार्ड बॉय मुरलीधर शर्मा, आनंद कुमार आदि थे। शिविर की व्यवस्था में सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील, सेकेट्री अकीक अहमद, मोहम्मद हबीब मौलानी, सरवर खॉन, इकबाल खान, अब्दुल हमीद आरबी, मोहम्मद आरीफ टॉक, आरीफ खॉन, लियाक़त अली टॉक, मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् व न्यायीक मंच के नागौर जिला अध्यक्ष मुन्नालाल काछवाल आदि ने सहयोग किया।

# ईड़वा में शिविर से ग्रामीणों को किया योजनाओं से लाभान्वित



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत ईडवा में प्रशाशन गांवों के संग अभियान के तहत मंगलवार को फॉलोअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी रवीन्द्र चौधरी, तहसीलदार भागीरथ चौधरी, भैंरुन्दा बीडीओ हुक्माराम, बीसीएमओ डॉ. रामकिशोर सारण, सरपँच शिवप्रताप सिंह, सांख्यिकी अधिकारी गिरधारी कारेल, जेईएन पंकज झींगोनिया, कृषि विभाग, गुलाब जांगिड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। रालोपा युवा नेता अशोक टांडी, पूर्व उप प्रधान जितेंद्र पचार, खींवराज, मोनू शर्मा, रामस्वरूप, हरेंद्र, ओमप्रकाश, भोमाराम शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। शिविर में ग्रामीणों को पट्टे वितरित करने के साथ बिजली व पानी सम्बंधित समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।

डॉ. सारण ने मौके पर मौजूद खड़ी 108 एम्बुलेंस का निरीक्षण किया तत्पश्चात जल्द ही नई एम्बुलेंस मुहैया करवाने के लिये अधिकारियों से बातचीत की बात कही। चिकित्सा विभाग द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दी गई व मौके पर उपचार भी किया गया।

## तालाब पर ताला

# ताले में बंद पानी को खुलवाने की मांग



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के जसवंतगढ़ गांव में सार्वजनिक तालाब पर ताला लगाकर बंद किये हुए पानी को खुलवाने की मांग की गई है। पँचायत समिति सदस्य यज्ञदत्त दायमा ने बताया कि जसवंतगढ़ के सार्वजनिक जोधा नाडा तालाब मुख्य जलस्त्रोत है। जो इस गर्मी के मौसम व पानी की किल्लत के समय गांव के लोगों की पानी की आवश्यकता को पूरी कर रहा है। पिछले दिनों से कुछ बदमाश लोगों ने यहां सार्वजनिक तालाब पर कब्जा करने की नीयत से ताला लगाकर पानी को बंद कर दिया है। जब लोग यहां पानी लेने के लिए जाते है तो उन्हें मना कर वापस भेज दिया जाता है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए स्थानीय लोगों ने उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार गढ़वाल, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक तालाब का ताला खुलवाकर पानी को सार्वजनिक तौर पर काम मे लेने देने की मांग की है। इस अवसर पर यज्ञदत्त दायमा, जयशंकर गर्वा, भंवरलाल खीचड़, लियाकत खान, हाकम अली खान आदि मौजूद रहे।

## मूंडवा नगर पालिका बोर्ड की हुई बैठक

# अम्बुजा सीमेंट को दी गई एनओसी निरस्त करने के प्रस्ताव को किया मंजूर

### अम्बुजा से निकलने वाले प्रत्येक ट्रक पर लगाया जाए 200 रुपये का शुल्क

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा नगर पालिका बोर्ड की बैठक मंगलवार दिन में यहां पालिका सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष अल्का कंदोई ने की। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष जगदीष मुंडेल, अधिषाषी अधिकारी सुनील चौधरी भी मौजूद रहे। बैठक में तय एजेंडे के अनुसार प्रस्ताव लिए गये वहीं पार्षदों ने अपने अपने वार्ड से जुड़ी विभिन्न समस्यायें रखी। विभिन्न वार्डो में विकास के लिए विभिन्न कार्यो के प्रस्ताव लिये गये, जिन पर बजट की उपलब्धता के आधार पर कार्य प्रारम्भ करवाये जायेंगे। पार्षद जगदीष मुंडेल ने बाजार में स्कूल के पास बनायी गई सुविधाओं में पानी की टूंटी लगाने का प्रस्ताव रख। वहीं सुरेन्द्र मुंडेल ने वार्ड नं. 15 में पाइप लाइन में पानी नहीं आने की बात कही। वहीं पार्षद आषा शर्मा ने अम्बुजा से वाले प्रदूषण, स्थानीय लोगों को अम्बुजा से कितना रोजगार मिला का मुद्दा उठाया। वहीं गांव में नंदीषाला नही होने से आमजन को होने वाली परेषानी को भी उठाया। वहीं आषा शर्मा ने अगली बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आम जन से जुड़े विभागों के अधिकारियों को भी बैठक में बुलाने का प्रस्ताव रखा।

**यह प्रस्ताव लिये गये :** मूंडवा नगर पालिका बोर्ड बैंठक में सर्वसम्मति से अम्बुजा सीमेंट को दी गई एनओसी निरस्त करने का प्रस्ताव को मंजूर किया गया, वहीं अम्बुजा से निकलने वाले प्रत्येक ट्रक पर 200 रुपये का शुल्क लगाया गया, पौकंडी तालाब के पास स्थित महिला पार्क का नाम श्रीयादे माँ पार्क करने, खसरा नम्बर 114 को नगर पालिका को सौंपने, छोटी रिड़ी को पूर्णत: नगर पालिका के अधीन करने, खसरा नम्बर 623 पर नियमानुसार नियमन की कार्यवाही करने, मूंडवा शहर से बाई पास रोड़ बाहर की ओर चली जाने से जो पुरानी रोड़ पीडब्ल्यु डी के अधीन है वो नगर पालिका सौंपे जाने के प्रस्ताव बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से लिए गयै।

**ये रहे मौजूद :** बैठक के दौरान पार्षद जगदीष मुंडेल गुरू, आषा देवी, ममता, सुरेन्द्र मुंडेल, शंकरलाल, भंवरीदेवी, सायरी देवी, ओमप्रकाष, मनीराम, छोटु, हुसैन घोसी, फिरोज, वहीदुदीन, घेवरराम इत्यादि उपस्थित रहे।

# रोड़ शो काफिले का ग्रामीणों ने किया स्वागत

श्यामसुन्दर प्रजापत

**नागौर डेली न्यूज( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे में मंगलवा को प्रात: दस बजे रोड शो का आयोजन रखा गया। रोड शो बाईपास पर स्थित राज चौराहे से रवाना होकर बस स्टैंड होते हुए गणगौरी चौक पहुंचा, जहां पर रावणा राजपूत विकास समिति मीठड़ी व अन्य समाज के लोगो ने



माला व साफा पहनाकर मंजीतपाल सिंह सांवराद व योगिता आनंदपाल सिंह का भव्य स्वागत किया। वही सिंह ने 24 जून को आनंदपाल सिंह की पांचवी पुण्य तिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में आने का निमंत्रण दिया। रोड शो के दौरान लक्जरी कारो का बड़ा काफिला देखकर ग्रामीण अचम्भित रह गए कि आज कौनसा राजनेता आ रहा है। कारो के काफिले का गणगौरी चौक में स्वागत किया। इस दौरान कुछ समय के लिए जाम सा लग गया। रोड शो के दौरान मोटरसाइकिले भी सम्मलित हुई।

# कुचामन में पेयजलापूर्ति रहेगी बाधित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मंगलवार को कुचामन शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति बाधित रही। बुधवार को भी पेयजला व्यवस्था गड़बडाई रहेगी। जलदाय विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक रविवार को नहर बंदी होने से नहरी परियोजना से पर्याप्त मात्रा में पेयजल प्राप्त नहीं होने व 24 मई को खरवालिया हैड वर्क्स पर 33 केवी विद्युत लाइन फाल्ट होने की वजह से पानी प्राप्त नहीं होने के कारण 24 मई को सांयकालीन एवं 25 को प्रात:कालीन शहर व ग्रामीण जल योजनाओं की पेयजल सप्लाई आंशिक बाधित रहेगी।

# महंगाई की मार : खेती में बढ़ती लागत से किसान परेशान

### खेती की बढ़ती लागत के अलावा किसान एमएसपी से कम रेट पर बिकती फसलों से भी परेशान

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** पिछले कुछ वर्षों से देश में महंगाई बढ़ी है। इससे गरीब तबका तो पहले से ही परेशान है लेकिन अब मध्यम और उच्च वर्ग भी प्रभावित है। महंगाई से हर वर्ग परेशान है। बिजनेसमैन, नौकरीपेशा हो, मजदूर हो या किसान हो। महंगाई से हर आदमी त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं। इन दिनों किसान वर्ग खाद, बीज, मजदूर, डीजल, कीटनाशक की महंगाई को लेकर खासे परेशान है। जिस रफ्तार से महंगाई बढ़ रही है उस रफ्तार से किसानों की उपज के दाम में वृद्धि नहीं हो पा रही है, जिसको लेकर खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है। महंगाई से किसानों की कमर टूट रही है। चार-पांच वर्ष में लगातार बढ़ती महंगाई से खेती किसानी पर बुरा असर पड़ रहा है। इसको लेकर किसान काफी परेशान दिख रहे हैं। महंगाई का असर इस कदर पड़ा है कि खेती किसानी में लागत खर्च 2 गुणों से अधिक हो गई है।

इस बारे में गोपालपुरा गांव का समाजसेवी किसान परसाराम बुगालिया का कहना है कि महंगाई की मार से कृषि क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है। खाद बीज कीटनाशक डीजल मजदूर महंगे होने के कारण खेती में लागत बढ़ गई है, जिसको लेकर किसान चिंतित है। किसानों की आमदनी पर असर हो रहा है। फसल का उचित दाम नहीं मिलने से लागत निकालना भी मुश्किल है। खेती करना इतना महंगा हो गया है कि फसल की लागत भी नहीं निकल पा रही है। इस और सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। किसानों की आय दोगुनी करने वाली सरकार ने चुप्पी साध रखी है।

# डेगाना में बाईक चोर बैखोफ

- नहीं है पुलिस व सीसीटीवी का डर
- वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने दिया पुलिस को ज्ञापन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना शहर में पिछले 15 दिनों से धडाधड़ बाईक चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। आये दिन बाईक चोर सड़क व दुकानों तथा घरों के बाहर खड़ी बाईक को दो मिनट में नकली चाबी लगाकर फरार हो जाते है। बाईक मालिक को जब तक बाईक चोरी की जानकारी मिलती तब तक चोर बाईक लेकर फरार हो चुका है। इस प्रकार से डेगाना के मुक्तिधाम से भी आये दिन पानी की मोटरें की चोरी हो रही है।

पुलिस में बार-बार शिकायते करने के बावजूद भी चोरी की घटनाएं रूकने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। इस प्रकार से रोजान दिन दहाड़े होने वाली चोरियों से नाराज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने मंगलवार को चिल्ड्र्न पार्क मे बैठक आयोजित कर दिन दहाड़े होने वाली चोरियों को रोकने मे नाकाम पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। ओर पुलिस थाने जाकर समिति के लोगो ने ज्ञापन देकर चोरियों को रोकने तथा मुक्तिधाम से चोरी हुई चार पांच पानी की मोटरों का पता लगाने की मांग की। साथ ही डेगाना शहर मे सदर बाजार, रेलवे स्टेशन, अस्पताल ओर सरकारी कार्यालयों के बाहर लोगो की खडी मोटर साईकिलों की हो रही लगातार चोरियों का पता लगा कर चोरों को सजा दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों मे अध्यक्ष कन्हेयालाल सोनी, भारत विकास परिषद अध्यक्ष डा॰ आरके चोधरी, पेंसनर्स समाज के अध्यक्ष श्रीपाल चौधरी, अब्दुल गनी, गिरवरसिंह सिरसू, कमलेश नारायण व्यास, नरेन्द्र कुमार अरोडा, डा॰ हनुमान जाजुन्दा, भंवरलाल सारण, शिवलाल, पूनाराम सारण सहित वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति सदस्यों ने एचसी हरजी राम सांगवा को ज्ञापन सौंपा।

# ट्राइडेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

### एक दर्जन से अधिक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

### विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक देकर किया सम्मानित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी(नागौर डेली न्यूज) :** शहर के टैगोर डिफेंस कोचिंग सेंटर जूसरी रोड स्थित कैम्पस में संचालित ट्राइडेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट द्वारा मंगलवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्था प्रबंध निदेशक सागर चौधरी ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित फ्रोग जम्प कम्पीटीशन में खुशनुद आलम प्रथम तथा दिनेश पंवार द्वितीय स्थान पर रहे। लेमन स्पून रेस में शार्दुलसिंह प्रथम तथा लोकेन्द्रसिंह द्वितीय स्थान पर रहे। म्यूजिक चैयर में लीलाधर प्रथम तथा दिनेश पंवार द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार लूडो गैम्स में दिनेश कुमार प्रथम तथा महेन्द्र चौधरी द्वितीय स्थान पर रहे। कोरम बोर्ड गैम में सूरजसिंह प्रथम तथा राकेश कुमार द्वितीय, शेक एण्ड लीडर गेम में प्रेमाराम कड़वा प्रथम तथा सुभाषचंद द्वितीय, बॉल थ्रो गेम में दिनेश कुमार प्रथम तथा दिनेश पंवार द्वितीय रहे।

हैंड राइटिंग कम्पीटिशन में शार्दूलसिंह प्रथम तथा दिनेश कुमार व चन्द्रप्रकाश क्रमश द्वितीय स्थान पर रहे। शाइनिंग चैम्पियनशीप में खुशजूद आलम प्रथम तथा शार्दुलसिंह द्वितीय रहे। इसी प्रकार बेड मैकिंग कम्पीटिशन प्रेमाराम कड़वा प्रथम तथा दिनेश कुमार द्वितीय रहे।

### कड़वा को मिला बेस्ट अटेनडेंस अवार्ड

**बेस्ट अटेनडेंस का अवार्ड प्रेमाराम कड़वा को दिया गया। मोस्ट स्टाईलिश स्टूडेंट सूरजसिंह, मोस्ट ग्रूमड स्टूडेंट महेन्द्र चौधरी तथा स्टूडेंट ऑफ द इयर का खिताब दिनेश कुमार को दिया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। टैगोर डिफेंस कोचिंग सेंटर निदेशक सुल्तानसिंह कल्याणपुरा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वागिण विकास के लिए खेलकूद व शिक्षा से संबंधित प्रतियोगिताएं होना बहुत जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाएं निकलकर सामने आती है। इस दौरान पुष्पेन्द्रसिंह, हरेन्द्र चौधरी, राकेश, कृष्ण कुमार, महेश कुमार, सुखाराम आदि मौजूद रहे।**

# आकाश ने देर रात तक बहाई भजनों की सरिता




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** मालासी भैरव मंदिर पर भव्य भजन संध्या एक शाम-भैंरूजी के नाम का आयोजन बादेड़ भैरव धाम के मुख्य उपासक जेठाराम महाराज की अध्यक्षता एवं मांडेता आश्रम के महंत कानपुरी महाराज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रख्यात भजन गायक मुकुल आकाश ने देर रात्रि तक भजनों की सरिता बहाई। जिसमें श्रोताओं ने गहरी डुबकियां लगाई। मुकुल आकाश द्वारा प्रस्तुत भजन भैंरूनाथ रा घुघरिया जद आंगणा में बाज सात सुख दुनिया रा घर-घर आए विराजे, भैंरूजी थारे बाजे नाना घुघरा, चौंसठ जोगनी भैंरू रे देवलिये रम जाये, देवों में देव हजार हैं मेरे बजरंगबली का क्या कहना को खूब पसंद किया गया। वहीं करणी माता की वंदना में प्रस्तुत भजन थाने निवण करूं करनल मां राख्यजो घणी कृपा को खूब सराहा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक चंद्रेश गोलछा व संतोष देवी गोलछा ने भैरवनाथ पूजा-अर्चना से किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ओडिंट, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद पारीक, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री सुनिता वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुमित्रा आर्य, कॉन्ग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास पटेल, युवक परिषद के मंत्री राजकुमार चौरड़िया, पूर्व पालिकाध्यक्षक सुशीला दूगड़, पार्षद दिलीप टाक, सुरेंद्र (सोनू) देवाराम पटेल, समाजसेवी राजकुमार दूगड़, कमल सिंह बैद (विशाखापट्टनम), राजकुमार खटेड़ (कोलकता), जिनेंद्र सेठिया, पण्डित परमेश्वर बोरायड़ा आदि उपस्थित थे। इसके अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रवासी शामिल हुये। मंच संचालन शंकर आकाश ने किया।

# शादी में बंदूक से फायर कर दहशत फैलाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

### कोर्ट के आदेश के बाद मिला पीसी रिमांड

हुकमाराम ताडा




**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर पुलिस थाना इलाके में कुछ समय पूर्व हुई एक शादी में बंदूक से फायर करने के वायरल वीडियो पर खींवसर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेंद्र जांगिड़ को दहशत फैलाने के आरोप में गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायलय में पेश किया, जहां कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी को 2 दिन का पुलिस रिमांड मिला। कोर्ट के आदेश के बाद अब स्थानीय पुलिस दो दिन का रिमांड लेगी।

थानाधिकारी थाना अधिकारी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि कस्बे में कुछ समय पूर्व एक शादी में डांस प्रोग्राम में आरोपी द्वारा हवाई फायर कर दहशत फैलाई गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर उस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर आरोपी राजेंद्र पुत्र मनोहर लाल जांगिड़ को सोमवार को ताड़ावास चौराहे से गिरफ्तार किया गया। इसको मंगलवार को न्यायलय में पेश कर 2 दिन के पीसी रिमांड पर लाया गया है। थानाधिकारी ने बताया की आरोपी राजेन्द्र जांगिड पूर्व में भी एक मामले में वांछित आरोपी है। कुछ समय पहले भी एक युवक का बंदुक के साथ फोटो वायरल हुआ था जिसको गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। युवक ने वायरल फोटो में बंदूक राजेंद्र जांगिड की होना बताया था।

# बसों के संचालन के नाम पर कुत्सित राजीनित खेदजनक : चावला

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन कस्बे में नये बस स्टैण्ड को शुरू करने व कस्बे के भीतर बसों के ठहराव के नाम पर क्षेत्रीय भाजपा के लोगों द्वारा प्रकरण में कुत्सित राजनीति कर आमजन को गुमराह करना खेदजनक है। इस संदर्भ में क्षेत्रीय भाजपा के लोगों द्वारा दिये गये ज्ञापन को स्वीकार कर उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए परिषद के उपसभापति हेमराज चावला ने बताया कि कुचामन कस्बे के बहुआयामी बस स्टैण्ड पर रोडवेज एवं प्राईवेट बसों के संचालन हेतु नगर परिषद द्वारा अभी तक आदेश ही दिये गये हैं। बसें अभी नवीन बस स्टैण्ड पर लगना शुरू होने से पहले ही भाजपा के लोगों द्वारा विरोध की राजनीति करना गलत है। नवीन बस स्टैण्ड के सम्बन्ध में यदि आमजन अथवा बस, जीप ऑपरेटरों को किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो इसका मिल बैठकर समाधान किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि कुचामन कस्बे सहित क्षेत्रीय आमजनों द्वारा गत 10-15 वर्षो से, जीपों, टैम्पों आदि के कस्बे में संचालन व ट्रेफिक जाम की निरंतर होने वाली समस्या से निजात दिलाने के नाम पर वर्ष 2016 के नगरपालिका में भाजपा बोर्ड में हरीशचन्द्र कुमावत के चैयरमेन रहते हुए उस समय के विपक्ष कांग्रेस पार्षद दल के विरोध के उपरान्त उक्त नया बस स्टैण्ड बनाने का प्रस्ताव पारित कर निर्माण किया तथा भाजपा बोर्ड में ही 2020 में दुकानें बनाकर आवंटित की गयी। इसके पश्चात् 13 अप्रेल को 2022 को वर्तमान बोर्ड बैठक में तथा इससे पूर्व हरीशचन्द्र कुमावत के नेतृत्व में बार-बार ज्ञापन दिये जाने व बस स्टैण्ड शुरू करने की मांग के मध्यनजर ही इसे शुरू किया गया है। अब इसी प्रकरण पर हरीशचन्द्र कुमावत व भाजपा को दोहरा चरित्र गलत है। यदि कस्बे के आमजनों को बसों के संचालन व कस्बे में ठहराव करने या न करने की कोई समस्या है तो इस पर नगर परिषद सभापति, आयुक्त, उपसभापति, उपखण्ड अधिकारी और हम सब मिलकर इसको कोई सम्मानजनक समाधान निकाल सकते हैं ऐसे ही क्षेत्रीय विधायक श्रीमान महेन्द्र चौधरी की मान्यता है।

### बस स्टैण्ड के नाम पर नित नये स्वयंभू नेता प्रकट होकर दिखावटी तौर पर जनता के हिमायती बनने का स्वांग जग जाहिर

बस स्टैण्ड के नाम पर नित नये स्वयंभू नेता प्रकट होकर दिखावटी तौर पर जनता के हिमायती बनने का स्वांग जग जाहिर है। उक्त प्रकरण में स्थानीय स्तर पर इनको कोई समर्थन नहीं मिलने की दशा में इनके द्वारा मकराना, परबतसर तहसील (ग्राम जसराना की) की नरेगा महिला मजदूरों को मजदूरी बढ़ाने के नाम पर एवं छात्रों की भीड़ की अगुवाई पालिका के वरिष्ठ पार्षद हरीशचन्द्र कुमावत व डॉ. रजनी गावड़िया कर रहे थे जो हास्यास्पद है अर्थात अपनी बात के समर्थन में इन्हे दूसरी तहसीलों के मजदूरों व छात्रों का सहारा लेना पड़ रहा है।

उपसभापति हेमराज चावला ने बताया कि जहां एक और क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र चौधरी द्वारा कुचामन, नावां में शिक्षा, चिकित्सा, राजस्व सहित हर क्षेत्र में जिला स्तरीय विभाग खोलकर विकास की कई सौगातें दिये जाने के फलस्वरूप कुचामन जिला बनने का अग्रसर है। वहीं क्षेत्रीय भाजपा के लोग विकास में बाधक बन रहे है। क्षेत्रीय आमजन से अपील है कि आप अपनी प्रत्येक समस्या के समाधन के लिये किसी का मोहरा ना बनकर प्रशासन से सीधा सम्पर्क करें।

# पांच हजार बेटियों की माँ है श्रीमति रंजना

### सावित्री बाई फुले से प्रेरणा लेकर गत चालीस वर्षो से कर रही है महिला सशक्तिकरण के लिए काम



अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** सावित्री बाई फुले इतिहास के पन्नों में अमर है सम्पूर्ण विश्व मे हजारों लाखों महिलाओं ने उन्हें अपना आदर्श मान समाज मे महिलाओं के हक़ूक़ की लड़ाइयां न केवल लड़ी है बल्कि पुरुष प्रधान समाज मे अपनी निष्ठा, समर्पण और सेवा की अकूत क्षमताओं के बूते विजय पताका भी फहराई है ऐसी ही एक सख्सियत आभा नगरी की जमीन पर 14 मई 1963 को एक साधारण से समाज सेवी सुंडा राम पँवार के घर पैदा हुई जो कालांतर में क्षेत्र की सावित्री बाई कहलाने लगी ।

नहर के गाढ़ा बास में रहने वाली रंजना मारोठिया का नाम आज किसी परिचय का मोहताज नही है चार दशक से सर्व समाज की बेटियों के लिए सतत प्रयासरत श्रीमती रंजना वर्ष 1987 में अपने पिता के बताए मार्ग का अनुशरण करने जैसे ही समाज की बेटियों के लिए कुछ करने का मानस बना कर बाहरी दुनिया मे निकली तो रूढ़िवादी समाज की अनेकानेक समस्याएं उनके सामने मुंह बांहे खड़ी थी, यह वो दौर था जब क्षेत्र में महिला शिक्षा न के बराबर थी ऐसे में बेटियों को आत्म निर्भर बनाना किसी पहाड़ को खोद रास्ता बनाने जैसा था ।

लेकिन श्रीमती रंजना ने स्व श्री सावित्री बाई फुले की जीवनी के वो एक एक पल पढ़ लिए थे जिसका सामना करने के बा वजूद वो विश्व की महिलाओं के लिए एक आदर्श बनी और उसी सोच और निश्चय का परिणाम है कि आज श्रीमती रंजना मारोठिया डीडवाना क्षेत्र के दो सौ से ज्यादा गांवों की पाँच हजार बेटियों की माँ है ।

### लगन, निडरता और एकाग्रता ने दिलाया मुकाम

श्रीमती रंजना मारोठिया की शादी 1982 में गाढ़ा बास निवासी रामेश्वर लाल मारोठिया से हुई वे बताती है कि 80 के दशक में नगर की सोनदेवी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सैनी समाज की गीनी चुनी बेटियां पढ़ने जाती थी जिनमेसे वो एक थी, धीरे धीरे शिक्षा का दायरा बढाया और 1987 में नगर सोहन लाल योगी से प्रेरणा लेकर एक संस्था का गठन किया जो 2005 में सावित्री बाई फुले महिला विकास समिति के नाम से रजिस्टर्ड हुई इन बीते 17 वर्षों में इस संस्थान ने क्षेत्र की पांच हजार से ज्यादा बेटियों को सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, पेंटिंग, हस्त उद्योग जैसे हुनर सीखा कर आत्म निर्भर बनाया है आज भी संस्था 240 बच्चियों को हुनर सीखा रही है, श्रीमती मारोठिया ने बताया कि हर नब्बे दिन में 240 बेटियां यहां से आत्म निर्भर बन कर बाहर निकल रही है ।

# बदला मौसम : तूफ़ानी तेज हवाओं के साथ आंधी, बेर के आकार के ओले गिरे कई भवन क्षतिग्रस्त

अली शेर खान

### मस्जिद का मीनार टूट मदरसे की छत पर गिरा





**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** शेरानी आबाद कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में तूफानी तेज हवाओं के साथ आंधी बारिश और बारिश के साथ ओले गिरे तेज आंधी के कारण खेतों में सैकड़ों की संख्या में पेड़ गिरे।कई जगह बिजली के तार व खंभे भी टूटने की सूचना मिली है शेरानी आबाद में लगा आरो प्लांट तेज आंधी के कारण टूट कर बिखर गया। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बेर के आकार के ओले गिरे जिससे जनजीवन प्रभावित रहा ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह से टीन शेड छप्पर सहित कच्चे पक्के मकानों के भी गिरने की जानकारी है। केजीएन कॉलोनी स्थित कंजुल ईमान मस्जिद की छोटी मीनार गिरी मीनार पास में बने मदरसे की छत पर गिरी जिससे छत भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई नेशनल हाईवे पर स्थित कई दुकानों के टीनशेड उड़कर गिर गए।

# क्षेत्र के विकास के लिए दिल खोलकर काम कर रही है गहलोत सरकार : चौधरी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर जिले के नावां विधायक महेंद्र चौधरी के कुशल नेतृत्व व क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। सिरोही के प्रभारी मंत्री चौधरी ने मंगलवार को गृह विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुना। साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर जन जुड़ाव मजबूत किया। क्षेत्र के विकास के लिये प्रतिबद्ध रहने वाले स्थानीय विधायक छत्तीस कौम को साथ लेकर विकास कार्यो को अंजाम दे रहे है। वहीं जनता की परेशानियों के निवारण के लिये अधिकारियों को तत्काल निदान के निर्देश दिये। इस मौके पर चौधरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास के लिये धन की कोई कमी नही आने दी जाएगी। गहलोत सरकार में इस क्षेत्र का स्वर्णिम विकास हो रहा है, जिसका लाभ समूचे क्षेत्र के लोगो को मिल रहा है।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com